# ग्राम पंचायत हरिपुर विकास खण्ड देहरा जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176028 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत हरिपुर, विकास खण्ड देहरा, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल धीमान | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अरविंद चौधरी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत हरिपुर के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| क्र0 सं0 | पैरा सं• | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषों में अन्तर पाया जाना | 4.23 |
| 2 | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 31.54 |
| 3 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.27 |
| 4 | 8.1 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त राशि का दुर्विनियोजन करना | 0.10 |
| 5 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 1.25 |
| 6 | 9.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 11.81 |
| 7 | 9.3 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान करना | 5.73 |
| 8 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 14.67 |
| 9 | 11 | बिल/वाउचर प्रस्तुत न करना | 1.34 |
| 10 | 12 | अनुचित/असमर्थित/समायोजित व्यय प्रविष्टियां (Adjustment voucher) करने बारे | 15.15 |
| 11 | 17.4 | गत अंकेक्षण अवधि/वित्तीय स्थिति के अन्तशेषों व प्रस्तुत ऑनलाईन रोकड़ बहियों के अथशेषों में राशि के अन्तर बारे | 3.04 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत हरिपुर का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2020 से 31/03/2022 के लिये किया गया था, जिसके अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित हैः–

**(1)अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2020 से 31/03/2022 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | मुख्यालय से पुष्टि उपरांत व डिमांड ड्राफ्ट संख्या–942047 द्वारा अदायगी |
| 2. | 4 | अनिर्णीत | – |
| 3. | 4.1 | अनिर्णीत | – |
| 4. | 4.2 | निर्णीत | प्रस्तुत सटिप्पण उत्तर एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाने के दृष्टिगत |
| 5. | 5 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 6 | 6 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 7 | 7.1 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 8 | 7.2 | अनिर्णीत | – |
| 9 | 7.3 | निर्णीत | पैरे में शामिल राशि ₹600 दिनांक 07.01.23 को खाता संख्या 20021004343 में जमा करवाने के दृष्टिगत |
| 10 | 8 | अनिर्णीत | – |
| 11 | 9 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 12 | 10 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 13 | 11 | अनिर्णीत | – |

## भाग–दो

**2. वर्तमान अंकेक्षणः–**

ग्राम पंचायत हरिपुर के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 13.01.2025 से 18.01.2025 तक

ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 10/2022 | 05/2022 |
| 2023—24 | 09/2023 | 06/2023 |

**अस्वीकरण(Disclaimer):-वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4000/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/38 दिनांक—18.01.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2025/25 दिनांकः—13.01.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया हैः—

**1.स्वः—स्त्रोतः—**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1222795.00 | 123833.00 | 1346628.00 | 302621.50 | 1044006.50 |
| 2023-24 | 1044006.50 | 85333.00 | 1129339.50 | 65686.00 | 1063653.50 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 2644306.60 | 3804611.00 | 6448917.60 | 2873182.00 | 3575735.60 |
| 2023-24 | 3575735.60 | 1913827.00 | 5489562.60 | 2335664.00 | 3153898.60 |

**कुल योग (1+2)**1063653.50+3153898.60=**4217552.10**

## (ख) बैंक समाधान विवरणीः—

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹42,17,552.10 तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट—3"** अनुसार अन्तशेष ₹37,94,217.32 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | बैंक खातों की विवरणीः— | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0सं0 | विवरण | बैंक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वयं स्रोत | के. सी .सी. बैंक हरिपुर | 20021004343 | 1172247 |
| 2 | पांचवा वित् | के .सी. सी. बैंक हरिपुर | 50051171021 | 286739 |
| 3 | एम .पी. लेड | के .सी. सी. बैंक हरिपुर | 50051171178 | 101588 |
| 4 | वी. के .वी .एन. वाई | के .सी. सी. बैंक हरिपुर | 50051171203 | 113971 |
| 5 | एस. डी .पी | के. सी. सी. बैंक हरिपुर | 50055766514 | 132775 |
| 6 | आर. ए. वाई | के .सी. सी. बैंक हरिपुर | 50055766489 | 4184 |
| 7 | एम. एम. जी .पी. वाई | के. सी .सी. बैंक हरिपुर | 50055766456 | 10869 |
| 8 | टी. एस. सी. | के. सी .सी. बैंक हरिपुर | 50051171190 | 00 |
| 9 | 14वां वितायोग | के. सी .सी. बैंक हरिपुर | 50051171145 | 00 |
| 10 | 15वां वितायोग/ जेड.पी/ पी.एस | एच. डी. एफ. सी बैंक .देहरा | 50100135795985 | 1969454.32 |
| 11 | हस्तगत शेष(स्वःस्त्रोत की ऑनलाईन रोकड़ बही के अनुसार) | | | 2390 |
| | बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः— | | | ₹3794217.32 |
| | | | | |

| दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :– | |
|---|---|
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | ₹4217552.10 |
| पंचायत के बैंक खातों/नकद का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | ₹3794217.32 |
| अन्तरः– | 423334.78 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹4.23 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत हरिपुर द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट लेखे संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्ताशेष में राशि **₹4,23,334.78/-** का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है। फलस्वरूप पंचायत के लेखें सच्ची एवं सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/27 दिनांकः–16.01.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–gph268 दिनांकः–18.01.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा, प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणो बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करते हुये बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2022–23 व 2023–24 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ था तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका था अथवा नहीं:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं0/ दिनांक | बिल सं0,मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एस.डी.पी | 01/23.05. 2022 | 054/18.05.2022 | सुरक्षा दीवार धीरज कुमार की जमीन में वार्ड–2 | 36410 |
| 2 | जेड.पी | 02/18.05. 2022 | 17086/15.05.2022 | निर्माण रास्ता गुरू रविदास मंदिर से गोरख राम के घर तक वार्ड–1 | 17765 |
| 3 | जेड.पी | 03/18.05. 2022 | 17100/15.05.2022 | निर्माण रास्ता नजदीक घर फुला सिंह,गोरख राम, मदन कुमार वार्ड–1 | 9690 |
| 4 | 15वां वित | 06/28.05. 2022 | 2096/21.05.2022 | निर्माण रास्ता व पुली अरविंद कुमार व मदन लाल आदि के घरो तक वार्ड–4 | 22610 |
| 5 | मनरेगा | निल/21. 05.2022, 27,30.06. 2023 | 21, 087,088,089,133/ 27.12.2021,27.02. 23,2.4.23,7.3.23 | निर्माण पक्का रास्ता लिंक रोड से सुभाष प्रकाश आदि के घरो तक वार्ड–1 | 100250 |
| 6 | मनरेगा | निल/21. 05.2022,30. 06.2023 | 0019111,079,090,0 91,092,209,212,213 ,214/09.03. 2022,18.02.23,15. 12.22,18.12.22,1.4. 23,7.1.23 | निर्माण पक्का रास्ता अमर सिंह के घर से गगन सिंह इत्यादि के घरो तक वार्ड–7 | 129445 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानो से प्राप्त की गई आय की भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि अनियमित तथा आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/37 दिनांकः–18.01.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या gph268 दिनांकः–18.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अवधि की खाता बहियो/लेखा खातो को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाता बही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5 निवेश न करने बारेः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त ,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियो को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियो में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹12,22,808 से ₹11,72,247 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पडा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना सख्यां राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/37 दिनांकः 18.01.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–gph268 दिनांक 18.01.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6 अनुदान की राशि ₹31.54 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना:–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियो को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/25 दिनांक:–13.01.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹31,53,898.60 की राशि उपयोग हेतु शेष थी:–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5वां वित | 31.03.2024 | 519664 |
| 2 | वी.के.वी.एन.वाई | 31.03.2024 | 157316 |
| 3 | एम.एम.जी.पी.वाई | 31.03.2024 | 10699 |
| 4 | टी.एस.सी | 31.03.2024 | 108953 |
| 5 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 136552 |
| 6 | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 49508 |
| 7 | आर.ए.वाई | 31.03.2024 | 3947 |
| 8 | 14वाँ वित्त | 31.03.2024 | 315207 |
| 9 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1852052.60 |
| | | **कुल जोड** | **3153898.60** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/28 दिनांक–16.01.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र–gph268 दिनांक:–18.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनउपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्येश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः—**

**7 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.27 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत(Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/25 दिनांकः—13.01.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹27220/—** की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की राशि का बिना पर्याप्त कारणो के शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/29 दिनांकः—16.01.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— gph268 दिनांकः—18.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**8.1 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.10 लाख को सरकारी कोष/बैंक में जमा न करवा कर दुर्विनियोजन करने बारेः—**

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या—SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः—04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित

दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2025/25 दिनांकः–13.01.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत हरिपुर द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान राशि ₹10400 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई ,परन्तु उसे न तो सरकारी कोष में और न ही पंचायत के निधि खाते में जमा करवाया गया था, जिससे कि सरकारी कोष में प्राप्त होने वाली आय के दुर्विनियोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष/बैंक में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/30 दिनांकः–16.01.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत हरिपुर के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– gph268 दिनांकः–18.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरांत सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹1.25/– लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश ,निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित है।

ग्राम पंचायत हरिपुर के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा, संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार ₹1,24,945/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/33 दिनांकः—17.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— gph268 दिनांकः—18.01.2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा, प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹11.81 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25, 26, 27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत हरिपुर के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरो के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट—"6"** पर संकलित राशि ₹11,80,913/— के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरो में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/34 दिनांकः—17.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— gph268 दिनांकः—18.01.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का स्टाक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा, प्रस्तुत उतर तथ्य रहित एवं नियम प्रावधानो के प्रतिकूल होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का मदवार पारदर्शी इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9.3 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹5.73 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मासो के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹5,72,835/– का अनियमित भुगतान किया गया एवं पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/35 दिनांकः–18.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–gph268 दिनांकः–18.01.2025 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है ,प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमो के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानो को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 10 निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹14.67 लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारेः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 05/2022 व 06/2023 के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹1466905/–का भुगतान किया गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं कियें गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सकाः–

| क्र0सं0 व अनुदान | वाउचर सं0/ दिनांक | बिल संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) | वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.एस.डी.पी | 01/23.05.2022 | 054/ 18.05.2022 | सुरक्षा दीवार धीरज कुमार की जमीन में वार्ड–2 | 36410 | स्वीकृति पत्र,माप पुस्तिका,34–सी |
| 2.जेड.पी | 02/18.05.2022 | 17086/ 15.05.2022 | निर्माण रास्ता गुरू रविदास मंदिर से गोरख राम के घर तक वार्ड–1 | 17765 | प्रस्ताव,स्वीकृति पत्र, प्राक्कलन, माप पुस्तिका 34–सी |
| 3.जेड.पी | 03/18.05.2022 | 17100/ 15.05.2022 | निर्माण रास्ता नजदीक घर फुला सिंह,गोरख राम, मदन कुमार वार्ड–1 | 9690 | प्रस्ताव,स्वीकृति पत्र,प्राक्कलन , माप पुस्तिका 34–सी |
| 4.15वां वित | 04/23.05.2022 | 2096/ 21.05.2022 | निर्माण रास्ता सुरजीत आदि के | 8721 | माप पुस्तिका, 34–सी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | घर से कुआं तक वार्ड–1 | | |
| 5.15वां वित | 05 / 28.05.2022 | 2096 / 21.05.2022 | पुनः नव निर्माण चंजयी बाबडी में वार्ड–1 | 10982 | माप पुस्तिका, 34–सी |
| 6.15वां वित | 06 / 28.05.2022 | 2096 / 21.05.2022 | निर्माण रास्ता व पुली अरविंद कुमार व मदन लाल आदि के घरो तक वार्ड–4 | 22610 | माप पुस्तिका, 34–सी |
| 7.मनरेगा | निल / 04.05. 2022,20.05.2022 | मस्ट्रोल 326,741 | उन्मूलन लनटाना ग्रास रा.व.मा. पाठशाला हरिपुर वार्ड–6 | 27772 | प्रस्ताव,स्वीकृति पत्र,प्राक्कलन , माप पुस्तिका 34–सी |
| 8.मनरेगा | निल / 04.05. 2022,20.05.2022 | मस्ट्रोल 327,742 | लैण्ड लेवलिंग व पौधारोपण कुलदीप कुमार की जमीन में वार्ड–7 | 28196 | प्रस्ताव,स्वीकृति पत्र, प्राक्कलन , माप पुस्तिका 34–सी |
| 9.मनरेगा | निल / 04.05. 2022,20.05.2022 | मस्ट्रोल 328,743 | लैण्ड लेवलिंग जगत राम की जमीन में वार्ड–6 | 27984 | प्रस्ताव,स्वीकृति पत्र,प्राक्कलन , माप पुस्तिका 34–सी |
| 10.मनरेगा | निल / 06.05. 2022,20.05.2022 | मस्ट्रोल 329,744 | लैण्ड लेवलिंग व पौधारोपण प्रवीन कुमार ,जगमोहन,साधु राम की जमीन में वार्ड–1 | 28408 | प्रस्ताव,स्वीकृति पत्र, माप पुस्तिका 34–सी |
| 11.मनरेगा | निल / 06.05. 2022,20.05.2022 | मस्ट्रोल 330,745 | लैण्ड लेवलिंग व पौधारोपण विजय कुमार ,बाबु राम | 30104 | प्रस्ताव,स्वीकृति पत्र, माप पुस्तिका 34–सी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | की जमीन में वार्ड–5 | | |
| 12.मनरेगा | निल / 06.05. 2022,20.05. 2022,27.06.23 | मस्ट्रोल 614,615,746, 747,113,114, 115 / 24.12.22 | निर्माण मैंगों तालाव नजदीक संतोष कुमार इत्यादि जमीन वार्ड–1 | 127100 | प्राक्कलन,माप पुस्तिका, 34–सी |
| 13.मनरेगा | निल / 21.05.2022 | 159 / निल | कम्पलीशन सुरक्षा दीवार नजदीक शिव मंदिर चन्द्रा हरिपुर वार्ड–3 | 96100 | प्रस्ताव,माप पुस्तिका, 34–सी |
| 14.मनरेगा | निल / 21.05. 2022 | 161 / निल | निर्माण सुरक्षा दीवार आदर्श सुद की जमीन में | 3800 | प्रस्ताव,माप पुस्तिका, 34–सी |
| 15.मनरेगा | निल / 21.05. 2022 | 009,163 / निल | निर्माण रास्ता निर्मल कान्ता के घर से कुएं तक वार्ड–2 | 72375 | प्रस्ताव,माप पुस्तिका, 34–सी |
| 16.मनरेगा | निल / 21.05. 2022, 27,30.06. 2023 | 21, 087,088,089, 133 / 27.12. 2021,27.02. 23,2.4.23, 7.3.23 | निर्माण पक्का रास्ता लिंक रोड से सुभाष प्रकाश आदि के घरो तक वार्ड–1 | 100250 | प्रस्ताव,माप पुस्तिका, 34–सी |
| 17.मनरेगा | निल / 21.05. 2022 | 0019121 / 09 .03.2022 | निर्माण पक्का रास्ता विवेक के घर से शमशेर सिंह के घर तक वार्ड–1 | 38760 | प्रस्ताव,माप पुस्तिका, 34–सी |
| 18.मनरेगा | निल / 21.05. 2022 | 010,0162 / निल | निर्माण रास्ता अशोक कुमार | 25375 | प्रस्ताव,माप पुस्तिका, 34–सी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | जालान्द्रु के घर से सुरू बलराज के घर तक | | |
| 19.मनरेगा | निल / 21.05. 2022,30.06.2023 | 020,97,124 / 27.12. 2021,07.01. 23,17.03.23 | निर्माण पक्का रास्ता लिंक रोड से प्रदीप इत्यादि के घर तक वार्ड–7 | 72920 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| 20.मनरेगा | निल / 21.05. 2022,30.06.2023 | 0019111,079, 090,091,092, 209,212,213, 214 / 09.03. 2022,18.02. 23,15.12. 22,18.12. 22,1.4.23, 7.1.23 | निर्माण पक्का रास्ता अमर सिंह के घर से गगन सिंह इत्यादि के घरो तक वार्ड–7 | 129445 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| 21.मनरेगा | निल / 21.05. 2022 | 022,082,103, 104 / 17.12. 2021,15.12. 22,7.1.23 | निर्माण पक्का रास्ता देश राज के घर से मुकेश के घर तक वार्ड–2 | 62330 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| 22.मनरेगा | निल / 21.05. 2022 | 019 / 27.12.2021 | निर्माण पक्का रास्ता सुनीता देवी के घर से लाल चन्द के घर तक वार्ड–5 | 35530 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| 23.मनरेगा | निल / 21.05. 2022,27.6.23,30. 6.23 | 023,107,108, 210,215,216, 217,093,094 / 17.12. 2021,7.1. | निर्माण पक्का रास्ता प्रीतम के घर से रविदास मंदिर तक वार्ड–1 | 153250 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 23,18.12.22 | | | |
| 24.मनरेगा | निल / 21.05. 2022,30.06.23 | 024,003,117, 118 / 19.01. 2022,27.2.23 | निर्माण रास्ता टाईल युक्त सर्वा कम्पयूटर से मेन रोड तक वार्ड–3 | 66150 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| 25.मनरेगा | निल / 21.05. 2022,30,6,243 | 0012633,004, 119,120 / 09. 03.2022, 27.2.23 | निर्माण रास्ता टाईल युक्त वरूण की दुकान से मेन रोड तक वार्ड–3 | 91550 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| 26.मनरेगा | निल / 21.05. 2022,30.06.23 | 0019115,116 / 19.01. 2022,27.2.23 | निर्माण रास्ता टाईल युक्त मेन रोड सुनील चाट भण्डार से लेकर शिव मदिर तक वार्ड–3 | 45130 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| 27.मनरेगा | निल / 05.06.2023 | मस्ट्रोल –788, 1096 | निर्माण लिंक रोड दिनडोशी माता मंदिर सरकारी डिग्री कॉलेज हरिपुर से बाजार वार्ड–5 | 19019 | प्रस्ताव,स्वीकृति पत्र,प्राक्कलन , माप पुस्तिका 34–सी |
| 28.मनरेगा | निल / 27.06.2023 | 074 / 20.08. 2022 | निर्माण नालियां राम चन्दर मुहल्ला वार्ड–3 | 18760 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| 29.मनरेगा | निल / 30.06.2023 | 132 / 27.03.2023 | निर्माण रास्ता हैण्ड पम्प से लेकर बाबु राम और मान सिंह के घर तक वार्ड–3 | 30280 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| 30.मनरेगा | निल / 28.06.2023 | 153 / 01.01.23 | निर्माण गउशाला सजंय कुमार की | 11500 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | जमीन में | | |
| 31.मनरेगा | निल/ 30.06.2023 | 073/ 07.01.23 | निर्माण वाटर टैंक अलकुश महाजन की जमीन में | 18640 | प्रस्ताव, माप पुस्तिका 34–सी |
| | | | **कुल योग** | **1466906** | |

वांछित अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे सचिव ग्राम पंचायत हरिपुर से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/32 दिनांकः–17.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– gph268 दिनांक 18.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि माप–पुस्तिकाओं व अन्य अभिलेखो को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा, प्रस्तुत प्रत्युतर नियमों के प्रतिकूल व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः सचिव द्वारा उपरोक्त अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना एक गम्भीर अनियमितता है, जिसका औचित्य उक्त वर्णित नियमानुसार तथ्यो सहित स्पष्ट किया जाये व नियमानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही सहित अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 11 राशि ₹1.34 लाख के बिल/वाउचर प्रस्तुत न करने बारेः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किये जाने अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 05/2022 व 06/2023 के व्यय के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि **₹133705**/–का भुगतान किया दर्शाया गया था, जिसके बिल/वाउचरो को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, फलस्वरूप कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। यह एक गम्भीर वितीय अनियमितता हैः–

| **क्र0सं0** | **मद/अनुदान** | **वाउचर सं/दिनांक** | **विवरण** | **रोकड़ बही पृष्ठ संख्या** | **राशि ₹** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वी.के.वी.वाई. एन | 1/11.05.2022 | सीमेंट भुगतान | निल | 4845 |
| 2. | एस.डी.पी | 3/9.6.23 | सीमेंट भुगतान | निल | 128860 |
| | | | | कुल | 133705 |

उक्त बिल/वाउचर को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/36 दिनांकः—18.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—gph268 दिनांकः—18.01.2025 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त बिल/वाउचरो को आगामी अंकेक्षण मे प्रस्तुत कर दिया जाएगा, प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त बिल/वाउचर दिखाए जाने सुनिश्चित किये जाए अन्यथा भुगतान की गई राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित शीर्ष के खाते में जमा की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक कार्रवाई से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**12 राशि ₹15.15 लाख की अनुचित/असमर्थित/समायोजित व्यय प्रविष्टियां (Adjustment voucher) करने बारे :—**

हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 10(1) के अनुसार ग्राम पंचायत के बैंक खातो में से प्रत्येक निकासी की तत्काल रोकडबही में प्राप्ति की ओर व जमा की अदायगी की ओर प्रविष्टि दर्ज की जाएगी तथा उसकी बैंक पास बुक उचित प्रेषण व निकासी प्रविष्टियों सहित अनुरक्षित की जाएगी।

ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड बहियो के अवलोकन पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानो के अंतर्गत निम्नविवरणानुसार राशि ₹1514618/— की समायोजित /हस्तांतरण प्रविष्टियां (Adjustment/Transfer voucher) व्यय के रूप में की गई दर्शाई गई थी। जिसके समर्थन में कोई बिल/वाउचर भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया तथा न ही संबंधित प्रविष्टियां बैंक पासबुक में पाई गई, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है व आपतिजनक भी है:—

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | आय/व्यय | विवरण | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सभा निधि | पी/18/31.03.2023 | व्यय | Various works | निल | 3084 |
| 2 | वी.के.वी.वाई.एन | पी/4/29.03.2023 | व्यय | Various works | निल | 75813 |
| 3 | एस.डी.पी | पी/6/29.03.2023 | व्यय | Various works | निल | 80128 |
| 4 | 14वां वित | पी/3/23.05.2022 | व्यय | Various works | निल | 507076 |
| 5 | वी.के.वी. | पी/2/23.05. | व्यय | — | निल | 4845 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वाई.एन | 2022 | | | | |
| 6 | 14वां वित | पी/5/30.03.2023 | व्यय | Various works | निल | 843672 |
| कुल योग | | | | | | 1514618 |

इस प्रकरण को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/31 दिनांकः–17.01.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत हरिपुर के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– ghp268 दिनांकः–18.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त समायोजित/हस्तांतरण प्रविष्टियों बारे अभिलेखो की जांच पडताल करने व विभाग के उच्चाधिकारियों से चर्चा करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा, प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त संबंधित शीर्ष के बैंक खातें में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए तथा इस मामले की विभागीय स्तर पर भी जांच की जायें व कृत अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 13. संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही ₹14.83/– लाख का अनियमित भुगतान करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 49(1 तथा 2) के प्रावधानों के अनुसार पंचायत द्वारा कोई भी भुगतान तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि सम्बन्धित बिल/वाउचर पर पंचायत प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों से भुगतान आदेश नियमानुसार पारित न किया गया हो।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 05/2022 व 06/2023 के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण में पाया गया कि वाउचरो पर केवल प्रधान के हस्ताक्षर ही करवाये गए थे। परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत द्वारा प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही ₹1483451/– का भुगतान किया गया था, जोकि अनियमित व आपतिजनक है तथा उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है।

इस अनियमितता को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/37 दिनांकः–18.01.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत हरिपुर के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–gph268 दिनांकः–18.01.2025 द्वारा सूचित किया गया कि वतर्मान समय से संयुक्त हस्ताक्षरो द्वारा ही भुगतान किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर उपरोक्त नियमानुसार न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः नियमो के विरूद्ध किये गये भुगतानो को पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाकर कृत सुधारात्मक कार्यवाही से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 14. निर्माण कार्यो से सम्बन्धित विसंगतियां:–

